# प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'इक्कीस'

[ 30/3/2016]

प्रश्न सं. [ क्र. 6747 ]

विधान सभा तारांकित प्रश्न क. 6747
दिनांक 30.3.16

## परिशिष्ट-1

स्कूली बच्चों में राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, महापुरूषों, शहीदों तथा राष्ट्रीय प्रतीक चिन्हों के प्रति सम्मान एवं भारत की संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने की दृष्टि से सत्र 2010–11 से देश भक्ति, कविता पाठ कार्यक्रम शाला स्तर, जन शिक्षा केन्द्र स्तर, विकास खण्ड स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर प्रारंभ किया गया है। हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल के विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में तथा राज्य स्तर पर विजय प्रतिभागी भोपाल में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में काव्य पाठ करते हैं। जिला एवं राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विजेता को प्रमाण पत्र के साथ-साथ निम्नानुसार नगद पुरस्कार प्रदान किया जाता है :-

| स0क्र0 | शाला का स्तर | जिला स्तर पर देय नगद पुरस्कार राशि | राज्य स्तर पर देय नगद पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक | रू. 750/– | रू. 1100/– |
| 2 | माध्यमिक | रू. 1000/ | रू. 1500/– |
| 3 | हाई स्कूल/ उमावि | रू. 1250/– | रू. 2100/– |

भोपाल में आयोजित मुख्य समारोह में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भोपाल आने-जाने का द्वितीय श्रेणी का वास्तविक व्यय/बस का किराया, भोजन एवं आवास व्यवस्था उपलब्ध कराई गई।

संयुक्त संचालक
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश